

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**मनावर। मध्यप्रदेश शासन के नशे से है दूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट, मनावर में थाना मनावर पुलिस द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मनावर बृजेश कुमार मालवीय, थाना प्रभारी मनावर राजेश यादव, उप निरीक्षक गिलदार सिंह बघेल एवं प्रधान आरक्षक ललित कुमरावत उपस्थित रहे।

अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी की ओर से यूनिट हेड नीतेश निराला, एचआर राजेश जैन, हेड इम्प्लाई रिलेशन सचिन कोठारी, शिवदत्त चंद्रावत, अरविंद गुप्ता, राहुल शुक्ला, रितेश राठौर सहित कंपनी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गणेश नायक, कमल सोलंकी, विकास देवास, अजय डावर सहित बड़ी संख्या में श्रमिकों ने भी सहभागिता की।

### नशे के दुष्प्रभाव बताए

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा उपस्थित सभी कर्मचारियों एवं श्रमिकों को नशे के दुष्प्रभाव, उसके सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सुरक्षित एवं जिम्मेदार जीवन जीने का संदेश देते हुए सभी को नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु संकल्प दिलाया गया। अंत में अल्ट्राटेक सीमेंट प्रबंधन ने पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे नशे से है दूरी 2.0 अभियान की सराहना करते हुए भविष्य में भी जनजागरूकता कार्यक्रमों में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# गुरु पूर्णिमा पर ललित कला महाविद्यालय में कला और संगीत का संगम आज

**धार।** गुरु पूर्णिमा पर बुधवार को कई आयोजन होंगे। इसी क्रम में संस्कृति संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के तत्वावधान में शासकीय ललित कला महाविद्यालय, धार द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व के पावन अवसर पर बुधवार सुबह 11 बजे महाविद्यालय परिसर, माण्डू रोड, घोड़ा चौपाटी, धार में गरिमामय सांस्कृतिक एवं कलात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

भारतीय संस्कृति में गुरु को ज्ञान, संस्कार और सृजन का आधार माना गया है। गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित इस आयोजन में चित्रकार मनीष चंदेरिया (ग्वालियर) द्वारा व्याख्यान और चित्रकला डेमोंस्ट्रेशन दिया जाएगा। वे विद्यार्थियों को चित्रकला की तकनीक, रंगों की संवेदनशीलता, रचनात्मक अभिव्यक्ति व कला में गुरु के महत्व से अवगत कराएंगे। इसके साथ ही शासकीय संगीत महाविद्यालय धार द्वारा गुरुवार समय शाम 6 बजे से शास्त्रीय संगीत सभा का आयोजन किया जाएगा। एक कलाकार की साधना तभी पूर्ण होती है जब उसे गुरु का सान्निध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हो। शास्त्रीय संगीत के इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण भोपाल से पधार रहे संगीतकार सौरभ शर्मा का शास्त्रीय गायन होगा।

इसके बाद मंदसौर से आ रहे। निशांत शर्मा और नयन चौहान द्वारा तबला जुगलबंदी की प्रस्तुति होगी। भारतीय शास्त्रीय संगीत में गुरु-शिष्य परंपरा का विशेष महत्व है। जिस प्रकार एक चित्रकार वर्षों की साधना से अपनी तूलिका को जीवंत बनाता है, उसी प्रकार एक संगीत साधक गुरु के मार्गदर्शन में स्वर, लय और ताल की साधना द्वारा उत्कृष्टता प्राप्त करता है।

### गुरु-शिष्य परंपरा के संरक्षण पर रहेगा विशेष जोर

इस अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा के संरक्षण, भारतीय कला एवं संस्कृति के संवर्धन तथा युवा कलाकारों को प्रेरित करने पर विशेष बल दिया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्य कांति तिर्की ने बताया कि गुरु पूर्णिमा केवल श्रद्धा का पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, अनुशासन, सृजन और संस्कार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। महाविद्यालय का यह आयोजन विद्यार्थियों, कलाकारों एवं कला-रसिकों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है। महाविद्यालय परिवार ने नगर के कला प्रेमियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, साहित्यकारों, संगीत प्रेमियों एवं समस्त नागरिकों से कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।



# जयस बिड़वाल ब्लॉक की नई कार्यकारिणी गठित

**बदनावर।** ग्राम चिराखान स्थित आदिवासी समाज धर्मशाला में सोमवार को जयस बिड़वाल ब्लॉक की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर बदनावर में होने वाले तहसील स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों, प्रचार-प्रसार और संगठनात्मक जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बदनावर तहसील कार्यकारिणी एवं समाजजनों की उपस्थिति में जयस के संरक्षक कन्हैया मुनिया (नेवरीपाड़ा) के मार्गदर्शन में बिड़वाल ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें कन्हैयालाल देवड़ा को संरक्षक, जगदीश डावर को अध्यक्ष, भेरूलाल डाबी को कार्यकारी अध्यक्ष, ईश्वर गामड़ को उपाध्यक्ष, राहुल देवड़ा को प्रभारी, दशरथ गामड़, राकेश चौहान, राहुल परमार, विश्राम डाबी एवं किशन गामड़ को महामंत्री, अर्जुन मेड़ा एवं राहुल भाभर को सचिव, बबलू डावर एवं शिवसिंह हटीला को सह सचिव, दिनेश सोरठ को कोषाध्यक्ष तथा आशाराम डामर एवं सुनील बारिया को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। नई कार्यकारिणी की अनुशंसा बदनावर जयस द्वारा की गई।

### संगठन की मजबूती के लिए करेंगे कार्य

कार्यकारिणी गठन के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर संगठन को मजबूत बनाने तथा समाजहित में समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया गया। बैठक में तहसील अध्यक्ष राहुल गिरवाल, कार्यकारी अध्यक्ष ऊंकार भाभर, प्रभारी श्याम ओसारी, कोषाध्यक्ष जितेंद्र मुनिया, जिला मीडिया प्रभारी अजय डावर, सुनील खदेड़ा, राजकुमार भूरिया, अर्जुन गिरवाल, मनोहर, रमेश चौहान, रामकिशन कटारा, मंगल डावर, मोहन भाभर, सुकराम डावर, जयराम भाभर, कान्हा भाभर, सोहन कटारिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पीथमपुर सेज-2 में 63 एमवीए पॉवर ट्रांसफॉर्मर चालू

**धार।** पीथमपुर विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज-2) के विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) द्वारा सेज-2 स्थित एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज सब-स्टेशन में नवनिर्मित 63 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर को सफलतापूर्वक चार्ज कर दिया गया है। ट्रांसफॉर्मर के सफलतापूर्वक कमीशनिंग के साथ सेज-2 में संचालित सभी औद्योगिक इकाइयों के लिए एक सुदृढ़ वैकल्पिक विद्युत आपूर्ति व्यवस्था स्थापित हो गई है। अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता, स्थिरता एवं निरंतरता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही, मौजूदा ट्रांसफॉर्मर के रखरखाव, आपातकालीन परिस्थितियों अथवा किसी भी अप्रत्याशित विद्युत व्यवधान के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में भी सहायता मिलेगी।

## एक नजर में

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर सेल की हुई बैठक



**धार।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 में वर्णित प्रावधानों को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए दिए गए निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर राजीव रंजन मीना के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को गठित सेल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 में वर्णित प्रावधानों को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए प्रदेश के नगरीय निकायों हेतु महत्वपूर्ण अनिवार्य निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके आधार पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत चौधरी ने सभी नगरपालिका अधिकारी को इन निर्देशों का तत्काल, कठोर एवं समयबद्ध अनुपालन किया जाना सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि निकाय स्तर पर थोक अपशिष्ट उत्पादकों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कचरे का 04 भागों (गीला, सूखा, सेनेटरी, विशेष देखभाल अपशिष्ट) में 100त्न पृथक्करण, सभी बीडब्ल्यूजीएस की डोर-टू-डोर मैपिंग,नियमों के उल्लंघन पर चालानी/दंडात्मक कार्यवाही की जाए। इसी प्रकार के लिए ऑन-साइट प्रोसेसिंग या निकायों के साथ अनिवार्यत: अनुबंध/स्थ्र्य निष्पादन, द्वितीयक कचरा परिवहन केवल क्लोज़्ड बॉडी वाहनों से परिवहन, ओपन-वाहन पूर्णत: प्रतिबंधित किए जाने, सेकेंडरी कलेक्शन हेतु केवल क्लोज़्ड-बॉडी वाहन उपयोग में लाए जाएं। जहाँ संभव हो, कचरा प्रसंस्करण के लिए स्वतंत्र का गठन किया जाए। निकायों को कुल आवंटित बजट का कम से कम 30 फीसदी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु आरक्षित करने, वार्ड-स्तरीय स्वच्छता रैंकिंग करना, प्रत्येक वार्ड की स्वच्छता रैंकिंग करना, श्रेष्ठ प्रदर्शन वाले वार्डों को प्रोत्साहन देना, वार्ड स्वच्छता समिति का गठन करना किया जाए। शहर विस्तार/नई कॉलोनियों में वेस्ट हैंडलिंग क्षेत्र चिन्हित करना, नई बस्तियों, टाउनशिप एवं विस्तार क्षेत्रों में वैस्ट हैंडलिंग ज़ोन अनिवार्य रूप से घोषित करना होगा।

### धार में गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्ट मंडल का पुनर्गठन




**धार।** धार गायत्री शक्तिपीठ पर रविवार को एक दिवसीय तहसील स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन इंदौर उपझोन प्रभारी महेश केवट के मुख्य आतिथ्य एवं मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले की चार तहसील धार, पीथमपुर, बदनावर एवं सरदारपुर गायत्री परिवार के तहसील समन्वय समिति के सदस्यों, जिला प्रतिनिधियों, महिला मंडल, प्रज्ञा मंडल ,युवा प्रकोष्ठ, संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। दो सत्रों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां गायत्री एवं गुरुदेव - माता जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर, गुरु वंदना कर की गई। जिला समन्वयक हीरालाल पाटीदार द्वारा स्वागत उदबोधन के साथ जिले का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी गई। श्री पाटीदार द्वारा समय दानियों का नियोजन एवं अनुशासन विषय को भी बारीकी से समझाया गया। युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वय सुनील ठाकुर द्वारा संगठन का स्वरूप - मण्डल गठन और उसके कार्यक्रम के विषय में विस्तार से बताया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला प्रभारी शांतिलाल विश्वकर्मा द्वारा संस्कृति ज्ञान परीक्षा, कैसे हो हमारे संस्थान और सप्त आन्दोलन विषय पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में इंदौर उपझोंन प्रभारी महेश केवट जी द्वारा कैसे हो हमारे कार्यकर्ता, समन्वय समितियों के कार्य, लक्ष्य ,रिकॉर्ड एवं रिपोर्ट को विस्तार से समझाया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान समूह चर्चा, के साथ प्रज्ञा गीत, सत संकल्प पाठ भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सह समन्वयक प्रवीण पाटीदार द्वारा किया गया गायत्री परिजनों का आभार सुनील सचान ने माना।

# गुर्जर गौड़ ब्राह्मण की इंदौर में हुई बैठक में समाजजन हुए शामिल

## समाज के जरुरतमंदों को स्कारस्लिप कॉपी किताबें की गईं वितरित

**सरदारपुर।** गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के शैक्षणिक न्यास प्रबंधक और मुखिया पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी इंदौर के सानिध्य में समाज के एरोड्रम रोड पर स्थित गौतम आश्रम में समाजजनो की बैठक आयोजित की गई, बैठक में न्यास प्रबंधन के बड़ी संख्या में वरिष्ठजन युवा शामिल हुए।

गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता सतीश तिवारी इंदौर ने बताया कि बैठक का न्यास प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य समाज के गरीब जरुरत मंदों को स्कारस्लिप कापी पेन किताबें देकर शिक्षा के प्रति उनका उज्जवल भविष्य जागरुकता के साथ बनाना है। इसी तारतम्य में समाजजनों की बैठक की गई। बैठक में न्यायासियो द्वारा समाज के गरीब प्रतिभावान बच्चों को स्कारस्लिप कापी पेन किताबें वितरित की गई। साथ ही श्री सतीश तिवारी ने बताया कि समाज उत्थान के लिए समाज के वरिष्ठ वीरेन्द्र व्यास, केसी शर्मा, किरण शर्मा, शीतल शर्मा, पंकज पंचोली आदि वरिष्ठ समाजजनों की मौजूदगी में विस्तृत लम्बी चर्चा की गई। जिसमें समाज उत्थान के लिए निर्णय लिए गए। समाज कार्यकर्ता तिवारी ने बताया कि प्रतिवर्ष गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के अरविंद तिवारी द्वारा प्रतिभावान जरुरतमंद बच्चों को शिक्षा सम्बन्धी सामग्री देकर उनका होंसला बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम के शुरुआती पहले समाजजनों द्वारा भगवान गौतम महर्षि के तस्वीर पर पुष्पमाला पहनाकर और दीप प्रज्वलित करके के कार्यक्रम की शुरुआत की गई।



# कट्स इंटरनेशनल की रिपोर्ट में समान बाइक टैक्सी नियमों की मांग

**इंदौर.** कट्स इंटरनेशनल की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, अलग-अलग राज्यों में नियम लागू करने की विसंगतियों को दूर करने, गिग वर्कर्स की आजीविका सुरक्षित करने, फर्स्ट और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत को बाइक टैक्सियों के लिए एक समान, तथ्य-आधारित और आनुपातिक नियामक ढांचे की आवश्यकता है. भारत में बाइक टैक्सी नियमों का सामंजस्य : एक तथ्य-आधारित मूल्यांकन और सुधार के सुझाए गए मार्ग नामक इस रिपोर्ट को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, गोपाल कृष्ण अग्रवाल द्वारा लॉन्च किया गया.

# बाग महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**धार।** म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय बाग में कारगिल युध्द के वीर शहीदों को श्रध्दांजलि एवं दो मिनट का मौन राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति कार्यक्रम व्याख्यान, परिचर्चा भाषण, भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान एवं राष्ट्रीय सुरक्षा विषयक प्रेरक चलचित्र/डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति संकल्प आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सखाराम भूरिया ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं सेवा की भावना को अपने जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी संतोष चौहान ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के अद्वितीय शौर्य एवं बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

इस अवसर पर डॉ. सिगदार सिंह कन्नोज ने कारगिल युद्ध के ऐतिहासिक महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा तथा नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। डॉ. अंजली जोशी ने विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के प्रति सदैव समर्पित रहने का संकल्प दिलाया।

# एमएस धोनी ने सोलर स्क्वायर में निवेश किया

**इंदौर.** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने फ़ैमिली ऑफ़िस मिडास डील्स के ज़रिए रेजिडेंशियल रूफ़टॉप सोलर कंपनी सोलरस्क्वेयर में निवेश किया है. यह निवेश कंपनी के हाल ही में घोषित 53 मिलियन के सीरीज़ सी फ़ंडिंग राउंड का हिस्सा है. वह कंपनी के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर भी जुड़ेंगे. यह साझेदारी भारत के रेजिडेंशियल रूफ़टॉप सोलर मार्केट की लंबी अवधि की ग्रोथ में उनके भरोसे को दिखाती है. धोनी का यह निवेश ऐसे समय में आया है जब रेजिडेंशियल रूफ़टॉप सोलर भारत में तेज़ी से बढ़ने वाली कंज्यूमर कैटेगरी में से एक बनकर उभर रहा है. सोलरस्क्वायर परिवार में एमएस धोनी का स्वागत करते हुए, सोलरस्क्वायर की को-फ़ाउंडर और सीईओ श्रेया मिश्रा ने कहा हमें एमएस धोनी का सोलरस्क्वायर में इन्वेस्टर और ब्रांड एंबेसडर के तौर पर स्वागत करते हुए गर्व हो रहा है. दो दशकों से ज़्यादा समय से, उन्होंने अरबों भारतीयों का भरोसा और उम्मीदें बनाए रखी हैं और हम भी अपने ग्राहकों के साथ भरोसे का वैसा ही रिश्ता बनाना चाहते हैं.

# दूध और उसके प्रोडक्ट के डेयरियों से लिए सैंपल

**धार।** कलेक्टर राजीव रंजन मीना के निर्देशानुसार एवं आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्य प्रदेश के आदेशानुसार जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुभाष खेडकर द्वारा 24 और 25 जुलाई 2026 को ग्रामीण एवं तहसील क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर जांच अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत बस स्टैंड, डही (तहसील डही) स्थित मां मोगल दूध डेयरी से दूध का नमूना लिया गया। इसके साथ ही, ग्राम देवगढ़ (तहसील मनावर) स्थित कन्हैया पाटीदार के फॉर्महाउस से गाय-भैंस के दूध का नमूना लेकर बिना खाद्य पंजीयन के कारोबार करने पर प्रकरण दर्ज किया गया।कार्यवाही के दौरान गणपुर चौकड़ी (तहसील मनावर) स्थित दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था के संचालक शुभम गोस्वामी तथा



मनावर स्थित लवेश दूध दही भंडार के संचालक गोपाल काग से भैंस के दूध के नमूने लिए गए। धार रोड मनावर स्थित राधा कृष्ण दूध डेरी के संचालक विशाल यादव से भैंस के दूध का नमूना लेकर बिना खाद्य पंजीयन के कारोबार पाए जाने पर दुकान को बंद करवाया गया।

इसके अतिरिक्त, पिकअप वाहन से दूध परिवहन करने पर अरुण गेहलोत से मिक्स दूध का नमूना लिया गया तथा बी.एम.सी. बालीपुर (तहसील मनावर) के बाबूलाल देवड़ा से मिक्स दूध का नमूना लेकर बिना खाद्य पंजीयन के कारोबार करने पर प्रकरण बनाया गया।इस संपूर्ण कार्रवाई के दौरान दूध के कुल 08 नमूने लिए गए तथा 03 दूध कारोबारियों के विरुद्ध बिना खाद्य पंजीयन के प्रकरण दर्ज किए गए है। प्रशासन द्वारा लिए गए सभी नमूने जांच हेतु भोपाल स्थित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। प्रयोगशाला से प्राप्त होने वाली जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत आगामी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मिलावटखोरों के खिलाफ इस तरह का सघन अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## एक नजर में

**भाजपा जिला कार्यालय में हुई कार्यशाला में समरसता अभियान चलाने पर बनी सहमति**

# संत रविदास महाराज के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएगी भाजपा : निलेश भारती

**नवभारत न्यूज**

**धार।** भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650 वीं जयंती के पावन अवसर पर गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई से 20 फरवरी 2027 तक चलने वाले संत श्री गुरू रविदास महाराज जयंती तक भाजपा समरसता संकल्प अभियान चलाएगी। संत रविदास जी की जयंती पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की कार्यशाला मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में संपन्न हुई।

इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती अभियान टोली जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने, जिला महामंत्री राकेश पटेल टोली सह संयोजक प्रेमचंद परमार अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष व टोली सह संयोजक राकेश चौहान भगवान खंडेलवाल सुभाष जायसवाल ने अपने विचार व्यक्त किए। अभियान के निमित्त कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कहा कि संत शिरोमणी श्री गुरू रविदास महाराज के जीवन दर्शन तथा उनके समता , भक्ति ,सेवा, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश को लेकर कार्यकर्ता हर घर तक पहुंचाना है। जिसको लेकर गुरू पूर्णिमा पर हमे मंडल स्तर पर कम से कम 10 स्थानों पर दीपोत्सव मनाकर अभियान शुरू करेगी। कांग्रेस जैसे राजनीतिक दल जातीवाद के नाम पर युवाओं को भ्रमित कर रहे है। भारतीय जनता पार्टी संत शिरोमणी रविदास जी के समरसता के संकल्प को अभियान की तरह चलाकर सामाजिक दायित्व भी निभा रही है भाजपा हमेशा से समाज की कुरीतियों को खत्म करने के लिए प्रयास करती है। संत रविदास भी जन्म से नही कर्म से व्यक्ति की पहचान को महत्व देने की बात करते रहे।





### छह महीने से अधिक चलेगा कार्यक्रमों को सिलसिला

देवेंद्र सोनोने ने कहा कि 29 जुलाई से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाली संत शिरोमणि रविदास जी 650 वी जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रमों की श्रृंखला होगी, जिसमें गुरु गुरु पूर्णिमा, कलश पूजन कलश वंदन, संत शिरोमणि रथ यात्रा, संपर्क, विभिन्न प्रकार के संतों से संवाद और उनका अभिनंदन, नुक्कड़ सभाए, धार्मिक अनुष्ठान जैसे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होंगे।कार्यशाला में अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी प्रवीण चावला भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा अभियान मंडल टोली सदस्य सहित अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहें। संचालन राकेश चौहान व आभार सुभाष जायसवाल ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।